Bharat Temples

जब कोई नहीं आता मेरे साईं आते है मेरे दु:ख के दिनों में वो बड़े काम आते है Bhajans Bhakti Songs

जब कोई नहीं आता मेरे साईं आते है ।
मेरे दु:ख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

मेरे नैया चलती है, पतवार नहीं चलती ।
किसी और को अब मुझको तरकर नहीं चलती ॥
मै डरता नहीं जग से, साईं साथ आते है ।
मेरे दु:ख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

कोई याद करे उनको दु:ख हल्का हो जाए ।
कोई भक्ति करे उनकी, वो उनका हो जाए ॥
ये बिन बोले सब कुछ पहचान जाते है ।
मेरे दु:ख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

ये इतने बड़े होकर, दीनो से प्यार करे ।
अपने भक्तो के दु:ख को वो पल में दूर करे ॥
सब भक्तो का कहना साईं मान जाते है ।
मेरे दु:ख के दिनों में वो बड़े काम आते है ॥

मेरे मन के मंदिर में बाबा का वास रहे ।
कोई रहे ना रहे बस साईं पास रहे ॥
मेरे व्याकुल मन को साईं जान जाते है ।

Source: https://www.bharattemples.com/jab-koi-nahi-aata-mere-sai-aaten-hain/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw